भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2128
उत्तर देने की तारीख: 02.08.2021

कौशल विकास

†2128. श्री इंद्रा हांग सुब्बा:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में स्थापित किए गए कौशल विकास के लिए समर्पित संस्थाओं/विश्वविद्यालयों की संख्या कितनी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या देश में शिक्षुता और व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए समर्पित कोई विश्वविद्यालय है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा शिक्षित युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए शिक्षुता कार्यक्रम हेतु कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) की कितनी धनराशि का उपयोग किया गया है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ग): पिछले 05 वर्षों के दौरान, निम्नलिखित पांच (05) कौशल विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है: -

क्र. सं.	**विश्वविद्यालय का नाम**	**अधिसूचना/स्थापना की तारीख/वर्ष**
1.	श्री विश्वकर्मा कौशल यूनिवर्सिटी गुरुग्राम, हरियाणा	20.09.2016
2.	सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पुणे, महाराष्ट्र	05.05.2017
3.	भारतीय कौशल विकास विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान	30.03.2017
4.	राजस्थान आईएलडी कौशल विश्वविद्यालय (आरआईएसयू), जयपुर, राजस्थान	30.03.2017
5.	दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली	15.08.2020

वर्ष 2020-21 में, यूजीसी द्वारा कौशल आधारित कार्यक्रमों की पेशकश के लिए 139 विश्वविद्यालयों को मंजूरी दी गई थी। यूजीसी ने अप्रेंटिसशिप/इंटर्नशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं और सभी विश्वविद्यालयों से इस तरह के डिग्री कार्यक्रम को शुरू करने का अनुरोध किया गया है।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तहत क्षेत्र कौशल परिषद (एसएससी) रिटेल, लॉजिस्टिक्स और मीडिया में "डिग्री अप्रेंटिसशिप" कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रहे हैं। अब तक 47 संस्थान डिग्री अप्रेंटिसशिप प्रदान कर रहे हैं। कौशल आधारित कार्यक्रमों की पेशकश करने के लिए यूजीसी द्वारा अनुमोदित संस्थानों की वर्ष-वार संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	संस्थानों की संख्या
2016-17	425
2017-18	424
2018-19	624
2019-20	354
2020-21	1208

(घ) पिछले छह वर्षों में कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची **VII** में निहित "शिक्षा का संवर्धन" शीर्षक के तहत "व्यावसायिक कौशल बढ़ाना" में विभिन्न कंपनियों द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत उपयोग की गई राशि निम्नानुसार है :-

विकास क्षेत्र	**वित्तीय वर्ष 2014-15**	**वित्तीय वर्ष 2015-16**	**वित्तीय वर्ष 2016-17**	**वित्तीय वर्ष 2017-18**	**वित्तीय वर्ष 2018-19**	**वित्तीय वर्ष 2019-20**	**कुल (रुपए करोड़ में)**
व्यावसायिक कौशल **(रुपए करोड़ में)**	277.07	344.40	373.46	391.76	759.49	1,094.69	3240.88

(डेटा 31.03.2021**तक**) **(स्रोत: राष्ट्रीय सीएसआर डेटा पोर्टल**)

*****